स्थापित : जुलाई, 1972

स्वर्णिम 50 वर्ष
1972-2022

स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय

पीरनगर, गाजीपुर - 233001 (उ.प्र.)

दूरभाष/फैक्स : 0548-2226349
website : www.sspgc.ac.in
E-mail : sahjanand.gzp@gmail.com

Affiliated to
VBS Purvanchal University
Jaunpur (U.P.)

Recognised by
UGC under section 2 (F) & 12 (B)

स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गाजीपुर
तमसो मा ज्योतिर्गमय

विवरणिका 2022-23



दण्डि-स्वामी सहजानंद सरस्वती
(1889-1950)

Vision

Ours is the vision
to develop the institution
as an excellent center of learning
with a vibrant, stimulating and pro-active natural environment
to nurture unique potentialities of young students-the promising youth
in their formative years, so as to produce skilled and enlightened
man power-valuable assets to the country.

Mission

Truly, missions are always bigger than organization. The destiny of a country is designed and shaped within the walls of a class room. With our teachers, curriculum, the environment and the state-of-the-art facilities, we work together with an aim to translate this belief into pedagogy. We focus on the objectives:

- Preparing graduates and post-graduates in arts and commerce with the vital skills and proficiencies to meet the expectations of the global world.
- To cherish high ideals, moral values and ethics.
- To learn application of knowledge to human and social advancement leading to the service of community, the country and ultimately, the mankind.
- To motivate and inspire them being responsible citizens and contribute building the country great and strong.
- To learn the essence of the legendary ideal : "To Strive, To Seek, To Find, and not to Yield."

स्वामी सहजानन्द सरस्वती : पुण्य स्मरण

(1889-1950)

भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन में किसान जागरण के अग्रदूत स्वामी सहजानन्द का जन्म 1889 में महाशिवरात्रि के दिन उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के देवा ग्राम में हुआ था। स्वामी जी का प्रारम्भिक नाम 'नवरंग राय' था, 'होनहार बीरवान के होत चिकने पात' वाली कहावत नवरंग राय के साथ चरितार्थ थी। वह पढ़ने में मेधावी थे। उन्होंने 6 वर्ष की शिक्षा 3 वर्ष में ही प्राप्त कर ली। वह गीता तथा रामायण जैसे धर्मग्रन्थों का भी अध्ययन करते थे। गृहस्थ आश्रम में स्वामी जी को किसी भी प्रकार की सुख-शान्ति का अनुभव नहीं हो रहा था। जिसके चलते उन्होंने गृह परिवार का परित्याग कर दिया और काशी पहुँचकर संन्यास ग्रहण कर लिया तब से उनका नाम स्वामी सहजानन्द हो गया। स्वामी सहजानन्द ने संस्कृत भाषा के साहित्य, व्याकरण एवं षड्दर्शनों का गहन अध्ययन प्रारम्भ किया और स्वामी अच्युतानन्द सरस्वती से दीक्षा लेकर दण्ड ग्रहण किया। तब से वे दण्डी स्वामी सहजानन्द सरस्वती कहलाने लगे।

स्वामी जी के केवल संन्यासी तथा समाज सुधारक ही नहीं थे अपितु एक कुशल राजनीतिज्ञ व नेता भी थे। स्वामी जी विदेशी शासन से होने वाली हानियों से परिचित थे इसलिए वे देश के राष्ट्रीय आन्दोलन में कूद पड़े 5 दिसम्बर, 1920 ई. को महात्मा गाँधी से मुलाकात के बाद उन्होंने असहयोग आन्दोलन और सविनय अवज्ञा आन्दोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिस कारण उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। किसानों की दयनीय दशा को देखकर स्वामी जी को बहुत दुःख होता था उनकी दशा में सुधार लाने का उन्होंने बीड़ा उठाया। इसके लिए उन्होंने स्थानीय किसान सभा से लेकर अखिल भारतीय सभा तक का संगठन खड़ा किया जो अपने अधिवेशनों और क्रियाकलाप के द्वारा अपनी माँगों को सरकार से मनवाती थी। स्वामी जी का मानना था कि किसान भारत का मेरूदण्ड हैं। उनकी दयनीय दशा देखकर स्वामी जी का दिल दहल जाता था। उन्हीं में भगवान का दर्शन करते थे। वे उन्हीं की पूजा करते थे और अपने किसान रूपी भगवान का अपमान सहने के लिए तैयार नहीं थे। स्वामी जी ने किसानों की दशा में सुधार लाने के लिए व्रत लिया और उन्होंने अपने जीवन के अन्तिम समय तक इस व्रत का पालन किया। वे किसानों के हित के लिए जमींदारी प्रथा के उन्मूलन को आवश्यक समझते थे।

1936 ई. में जिस अखिल भारतीय किसान सभा की उन्होंने स्थापना की थी, उसके वे तीन बार अध्यक्ष थे और बाकी वर्षों में उसके महासचिव के पद पर आसीन रहे। स्वामी जी के नेतृत्व में अखिल भारतीय किसान सभा देश की आजादी के लिए और जनसाधारण के अधिकारों के लिए दृढ़तापूर्वक लड़ती रही है। उल्लेखनीय है कि युद्धोत्तर काल में किसानों पर सरकार और जमींदार दोनों का अत्याचार हो रहा था। किसान भी लड़ाकू होते जा रहे थे। वे जमींदारी प्रथा समाप्त करने के लिए कानून के निर्माण की माँग कर रहे थे। स्वामी जी के नेतृत्व में ऐसा लगता था कि किसान क्रान्ति की तरफ बढ़ रहे हैं। स्वामी जी जहाँ कहीं संघर्ष में किसानों की सफलता देखते थे, उन्हें अपार खुशी होती थी।

स्वामी जी के धार्मिक विचार भौतिक एवं वैज्ञानिक थे, उन्होंने व्यवहार में देखा था कि धर्म में तर्क, दलील एवं विचार को स्थान नहीं है। उन्होंने यह भी देखा कि पंडितों, मौलवियों एवं धर्माचार्यों की बातों को आँख मूंद कर मानना पड़ता है। शिखा एवं दाढ़ी से ही हिन्दू मुसलमान का परिचय होता है। स्वामी जी ऐसे धर्म के विरोधी थे। उनके अनुसार धर्म में मानवतावाद का अभाव है साथ ही, ऐसा धर्म कई दृष्टियों से हानिकारक है। वे धर्म को व्यक्तिगत वस्तु मानते थे, साथ ही बुद्धि और विवेक पर आधारित मानते थे।

स्वामी जी उच्चकोटि के विद्वान, लेखक और साहित्यकार थे। उन्होंने एक दर्जन से अधिक पुस्तकों की रचना की। तिलक के 'गीता रहस्य' की तरह 'गीता हृदय' उनकी प्रसिद्ध पुस्तक है। हिन्दी, संस्कृत और अंग्रेजी पर भी स्वामी जी का पूरा अधिकार था। स्वामी जी ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए विहटा (पटना) में संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की थी। स्वामी जी की सोच कालजयी थी। उनमें कोई आडम्बर नहीं था। उन्हें किसी पद या पुरस्कार का लोभ नहीं था। उन्होंने मनसा, वाचा, कर्मणा समाज की सेवा की थी। वे सत्यवादी थे उनका अन्दर और बाहर सिद्धान्त और व्यवहार एक समान था। प्राचीन संन्यासियों की भाँति 26 जून, 1950 को 2 बजे रात में स्वामी जी ब्रह्मलीन हो गये।

आज स्वामी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर देश-विदेश में शोध हो रहे हैं। आज के दिग्भ्रमित राजनीतिक समाज को स्वामी जी के जीवन आदर्शों से सुधारा जा सकता है। स्वामी जी का जीवन जहाँ आज के राजनीतिज्ञों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, वहीं साधु, संन्यासियों के लिए भी अनुकरणयी हैं। व्यक्तिगत मुक्ति के लिए आजीवन प्रयास करने के बजाय सेवा में रुचि लेना अधिक श्रेयस्कर है। यही साधुता एवं संन्यास की सार्थकता है। स्वामी जी द्वारा रचित कुछ ग्रन्थ निम्नलिखित हैं– 'कर्म कलाप', 'ब्रह्मर्षिवंशविस्तार', 'ब्राह्मण समाज की स्थिति', 'मेरा जीवन संघर्ष', 'गीता रहस्य', 'गीता हृदय', 'क्रान्ति और संयुक्त मोर्चा', 'किसान सभा के संस्मरण', 'किसान कैसे लड़ते हैं?', 'किसान क्या करें?', 'खेत-मजूदर और झारखण्ड के किसान' इन ग्रन्थों में उनकी आत्मा बोलती है। उनका सिद्धान्त था 'उपदेश से उदाहरण उत्तम है।'

॥ इति॥

पं. केशव प्रसाद शर्मा

(संस्थापक)

पं. केशव प्रसाद शर्मा (संस्थापक) : पुण्य स्मरण

(1920-1993)

स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के संस्थापक स्व. पं. केशव प्रसाद शर्मा के पिता स्व. विक्रमादित्य शर्मा एवं पितृव्य स्वं. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा पर स्वामी सहजानन्द सरस्वती जी के आचरण का गहरा प्रभाव था। उन्हीं दिनों यह ख्याति कि स्वामी जी गाजीपुर जनपद के देवा गाँव के संन्यासी तथा पुराणादि के प्रकाण्ड विद्वान हैं, सर्वत्र फैल गई। वे किसानों को जमींदारों के अत्याचारों से मुक्त कराने के लिए किसान सभा की स्थापना द्वारा जमींदारों के विरुद्ध संघर्ष करने में भी सक्रिय हुए। स्वामी जी के इन कार्यों की जानकारी ने केशव प्रसाद शर्मा को प्रभावित किया और स्वामी के प्रति श्रद्धावान बना दिया।

स्वामी जी शनैः-शनैः उनके परिवार के सदस्यों के निकट सम्पर्क में आते गये। यहाँ तक सम्पर्क बढ़ा कि कलकत्ता आने पर वे उनके हावड़ा आवास पर ठहरने लगे। स्वामी जी के हावड़ा प्रवास में केशव प्रसाद शर्मा जी को उनसे बहुत कुछ सुनने-समझने का तथा सेवा करने का अवसर मिला। शर्मा जी को अनुभव हुआ कि स्वामी जी पलायन करने वाले संन्यासी न होकर एक कर्मनिष्ठ संन्यासी हैं। शर्मा जी एक कर्त्तव्यनिष्ठ शिक्षाव्रती थे। उन्होंने स्वामी जी की अमृत स्मृति में उ.प्र. के इस शैक्षणिक सामाजिक रूप से पिछड़े क्षेत्र गाजीपुर नगर में उनके नाम पर महाविद्यालय खोलने का संकल्प लिया। हावड़ा, कलकत्ता और गाजीपुर जनपद के लोगों ने इस दृढ़संकल्पी, उद्यमी व्यक्ति को इतना अधिक सहयोग और प्रोत्साहन दिया कि सन् 1972 आते-आते वे संकल्प को 'स्वामी सहजानन्द सरस्वती विद्यापीठ महाविद्यालय' के रूप में मूर्तिमान करने में समर्थ हुए। 1996 में स्नातकोत्तर कक्षाओं के आरम्भ होने पर महाविद्यालय अब स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नाम से जाना जा रहा है। यह महाविद्यालय स्वामी जी के प्रति पं. केशव प्रसाद शर्मा जी की अटूट श्रद्धा का प्रतीक तो है ही साथ ही उनकी अक्षुण्ण कृति के रूप में उत्तरवाहिनी भागीरथी के तट पर स्थित एक विद्या तीर्थ है।

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में डेढ़गाँवा ग्राम में 1 दिसम्बर, 1920 को जन्मे शर्मा जी ने अपना जीवन कलकत्ता में अध्यापक के रूप में प्रारम्भ किया। बाद में विक्रम विद्यालय, सलकिया, हावड़ा के प्राचार्य हो गये और उसी पद पर अन्त तक सेवारत रहे। इस विद्यालय का हर दृष्टि से अभूतपूर्व विकास करते हुए विक्रम विद्यालय ब्रांच और विक्रम बालिका विद्यालय की स्थापना इन्होंने की। पं. बंगाल के हावड़ा नगर में ही उन्होंने हिन्दी माध्यम का एकमात्र टीचर्स ट्रेनिंग विद्यालय खोला और बारहवीं कक्षा तक एक बालिका विद्यालय भी प्रारम्भ किया। इसके प्रबंधक के रूप में वे निरन्तर कार्यरत रहे। कुशल अध्यापक, सफल प्रशासक, शिक्षाविद् और देशभक्त स्व. पं. केशव प्रसाद शर्मा परमात्मा की दिव्य विभूति थे। इस महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था प्राचीन भारतीय संस्कृति तथा आधुनिक जीवन पद्धति दोनों के समन्वय को दृष्टि में रखकर की गई है। यहाँ शिक्षा तथा अध्यात्म में समन्वय का प्रयास चल रहा है। यहाँ देशभक्ति तथा आदर्श नागरिक के गुणों से सम्पन्न व्यक्तित्व के निर्माण से आपसे सहयोग की आशा की जाती है। हर प्रकार से विकसित तथा ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण महाविद्यालय का मूल लक्ष्य है जिसकी जड़ें भारतीयता में प्रतिष्ठित हों और पल्लवन विश्वव्यापी आधुनिक वातावरण में हो।

॥ इति ॥

RAMAKANT RAI SHARMA
PRESIDENT
COMMITTEE OF MANAGEMENT
SWAMI SAHAJANAND SNATKOTTAR MAHAVIDYALAY, GHAZIPUR

President's Message

It is my pleasure to communicate with you all on the behalf of SWAMI SAHAJANAND SNATKOTTAR MAHAVIDYALAY, GHAZIPUR (U.P.) Education plays a vital role in building future of a person vis-a-vis nation building. Choice of reputed and right subjects plays an important role in the career of a student.

Our college is committed to provide quality education in building the future of today's youth. In the era of globaliation, working environment has become highly competitive and challenging. Instead of integrating materialism through only class room education, the college motivates students to take part in debates, quizzes, seminars, industrial visits, interactive sessions, indoor and outdoor games, hosting of other programmes and activities to inculcate in them sound moral values, strong personality and enthusiasm.

The college has an art of state facility comprising of equipped campus which includes spacious classrooms with Audio-Visual presentation facility, modern computer lab with internet, library with lending and reading facilities, common room, indoor-outdoor games facilities, canteen, seminar hall etc. All these are aimed to make the students ready to face the competitions and challenges in life.

I invite the students and people at large to visit this website regularly to have regular and updated information about the college. This will be of immense help particularly to the students seeking admission in this college.

कुणाल शर्मा
सचिव/प्रबंधक, प्रबन्ध समिति
स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
गाजीपुर

सचिव का संदेश

आह्लादित मन से हम आपका स्वागत इस हर्षानुभूति के साथ करते हैं कि आपने अपने भविष्य एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए इस विद्याभूमि-पुण्यभूमि को चुना है। गंगा के इस पावन तट पर आपकी नैसर्गिक प्रतिभा मुखर हो, आपके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करे, यही हमारी शुभकामना है। संस्था का कण-कण आपके संस्कार और ज्ञान की श्रीवृद्धि करे, उत्तम चरित्र-आचरण-आत्मबल आपके स्वाभिमान को सचेष्ट करे, आप महाविद्यालय के साथ ही राष्ट्र के गौरवबिन्दु बनें, ऐसी सुव्यवस्था परिसर में उपलब्ध है और इस हेतु हम निरन्तर तत्पर भी हैं।

प्रारम्भ में (जुलाई, 1972) सात शिक्षकों और सात कर्मचारियों तथा 101 विद्यार्थियों से चलकर आज अपने स्वर्ण जयन्ती वर्ष (1972-2022) में महाविद्यालय आज 75 शिक्षक/कर्मचारीगण का एक भरा-पूरा परिवार तथा लगभग 4000 के पार पहुँची छात्र संख्या उत्तरोत्तर प्रगति का साक्ष्य है। 21वीं सदी से सहकार स्थापित रहे इस हेतु समृद्ध कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र एवं दूरस्थ शिक्षा केन्द्र (UPRTOU) से भारी संख्या में शिक्षार्थियों का सहभाग आकर्षण का केन्द्र है।

महाविद्यालय की भौतिक उपलब्धि भी तीव्र प्रगति का साक्षी है। लगभग 8 हेक्टेयर के विस्तृत भू-भाग में अवस्थित महाविद्यालय का प्रशासनिक भवन, चार कक्ष से प्रारम्भ कर 30 व्याख्यान कक्ष, विशाल प्रयोगशाला, हाईटेक कार्यालय एवं पुस्तकालय, अत्याधुनिक संगोष्ठी कक्ष, 100×40 का विराट सभागार, आधुनिक तथा इलेक्ट्रानिक सुविधाओं से सज्जित व्यायामशाला, खेल प्रतिभाओं के मनोनुकूल क्रीड़ा मैदान के साथ ही पेयजल, वाहन स्टैण्ड, वाचनालय, सुसज्जित विभागीय कक्ष एवं दैनिक उपयोग के सहज साधन की उपलब्धता संस्था के प्रगति के महत्वपूर्ण बिन्दु हैं।

डॉ. शशिकांत राय
संयुक्त-सचिव, प्रबंध समिति,
स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
गाजीपुर

शुभकामना संदेश

हमें इस बात की बड़ी प्रसन्नता है कि आपने अपने अध्ययन के लिए हमारी संस्था को चुना है। माँ गंगा के पावन तट पर स्थित स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय पं. केशव प्रसाद शर्मा जी की कीर्ति का अक्षय स्मारक है, इनके भव्यतम स्वप्न एवं उदात्त चिन्तन का मूर्तिमान विग्रह है, जिसका दर्शन होते ही भावोद्रेक से मन प्रफुल्लित हो उठता है। इस विद्यातीर्थ के ईंट-ईंट में शर्मा जी की आत्मा का निनाद सुनायी पड़ता है। पर उसे सुनने, देखने के लिए सच्चे मनस्वी प्रेमी की आवश्यकता है।

हमारी शुभकामना है कि यहाँ अध्ययन कर आप इस महाविद्यालय की पहचान बन राष्ट्र का गौरव और मान-सम्मान बढ़ायें। आप इस विद्यामन्दिर से प्राप्त ज्ञान की सुरभि पूरे विश्व में बिखेरें जिससे इस संस्था का नाम एवं सुकीर्ति चारों तरफ फैले, यही हमारी मंगलकामना है।

Pro. (Dr.) V. K. Rai
Principal
SWAMI SAHJANAND P.G. COLLEGE
GHAZIPUR

Principal's Message

Victor Hugo, the renowned 19th century French philosopher foresightedly pronounced that - "He who opens a school-door, closes a prison." Ignorance, in all classical learning is listed as a serious disease, and to eradicate its black clouds, the masters of our social fabrics established the schools and colleges. The genesis of this temple of learning very much bears the similar spirit.

I am very glad to welcome you all to this lively premises. The institution we represent is a workshop of its own kind with an aim to unlock and unfold the talents and singularities of the promising youth; and to inspire and enable them, in the brighter parts of life, to serve the society and the country as well as responsible citizens of tomorrow.

We are committed to work together with the young students to assist them by all possible means to design their career & growth, and create the academic and cultural perfection and involve the ignited minds to cope with the challenging scenario.

Pursuant to the National Education Policy (NEP) – 2020, we undertake to go through the indefatigable industry to realize the objectives of the policy in all practical purposes. We possess the high-class infrastructure and atmosphere with various faculties and courses, i.e., Faculty of Languages, Arts, Social Sciences & Humanities, and Commerce, paving way to the Quality Education and Co-curricular & Vocational Courses leading to the true worth of knowledge and education.

We, as an institution of higher education re-affirm our commitment to guide and channelise the talents of young students, and with the true spirit of the slogan – Tamso-ma-jyotirgamaya (from darkness to light), we would surely succeed to accomplish the destined goals - "To strike, to seek, to find and not to yield."

कुलगीत

मधुर मनमोहक सुन्दर छन्द।
महाविद्यालय सहजानन्द

गाधिपुर की शोभा में वृद्धि
निरन्तर आध्यात्मिक समृद्धि
स्वामी सहजानन्द गुणगान
महत कर्मों ने दी सम्मान
चतुर्दिक 'केशव' कृत यश-गन्ध
महाविद्यालय.....

अद्‌भुत ऋष्यभूमि वन्दन,
'सन्त पवहारी' कोटि नमन,
'काशी राज' स्नेह अर्पण,
करें हम सबका अभिनन्दन
फैले प्रकाश, हो दूर अन्ध
महाविद्यालय.....

सुरसरि की निर्मल धारा,
प्रक्षालित कण-कण सारा,
प्रकृति ने ली मानो विश्राम
यहाँ सब एक राम-इस्लाम,
भारती राग बहे स्वच्छन्द
महाविद्यालय.....

नव-संस्कृति देते गुरुगण
शिष्य भी पूरा करते प्रण
अवनि का अतुलनीय यह ग्राम
धन्य से धरा भारती धाम
चतुर्दिक विद्यानिल मधु-मन्द
महाविद्यालय.....

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) - 2020

पूर्वांञ्चल विश्वविद्यालय प्रवेश एवं अध्यापन नियमावली - 2021

स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर

स्नातक स्तर (UG Level)

(सत्र- 2021-22 से)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार विषयों को संकायों में वर्गीकृत किया गया है–

(नवीन संकाय व्यवस्था अपर मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन के पत्र/शासनादेश, दिनांक-15 जून, 2021 के अधीन है)

1. भाषा संकाय

(Faculty of Language)

1. हिन्दी (310)
2. अंग्रेजी (75)
3. संस्कृत (70)
4. उर्दू (70)

2. कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय

(Faculty of Arts, Humanities and Social Sciences)

1. समाजशास्त्र (310)	2. राजनीतिशास्त्र (310)	3. इतिहास-म. (160)
4. इतिहास-प्रा. (160)	5. अर्थशास्त्र (150)	6. दर्शनशास्त्र (150)
7. मनोविज्ञान (100)	8. भूगोल (100)	9. रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (सैन्य विज्ञान)- (100)
10. शिक्षाशास्त्र (75)	11. शारीरिक-शिक्षा (60)	12. गृह-विज्ञान (60)

नोट- ऊपर विषयों के सम्मुख अंकित संख्या स्नातक प्रथम वर्ष (सेमेस्टर-1) में प्रवेश हेतु अधिकतम छात्र संख्या है। सम्बन्धित विषयों में इससे अधिक प्रवेश नहीं होगा। भाषा तथा कला संकाय में प्रवेश हेतु कुल निर्धारित सीट- 833 है।

3. वाणिज्य संकाय

(Faculty of Commerce)

महाविद्यालय में सर्वप्रथम कला संकाय (तथा भाषा संकाय) स्नातक स्तर की संबद्धता 7 विषयों के साथ वर्ष 1972 में प्राप्त हुई। कालांतर में वाणिज्य संकाय की संबद्धता वर्ष 2001 में प्राप्त हुई, जिसे जनपद में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा सकता है। वाणिज्य काय में प्रवेश हेतु निर्धारित सीट-360 है।

प्रवेश प्रक्रिया

(स्नातक स्तर/UG Level)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 से संबन्धित उच्च शिक्षा अनुभाग, उ.प्र. शासन द्वारा निर्गत विशानिर्देशों के तारतम्य तथा पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रवेश एवं अध्यापन नियमावली 2021 के अनुरूप शैक्षिक सत्र-2021-22 से च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) एवं ग्रेडिंग प्रणाली पर आधारित सेमेस्टर सिस्टम आरंभ किया गया है।

(संदर्भ– उ.प्र. शासन उच्च शिक्षा अनुभाग, शासनादेश, दिनांक- 20.04.2021)

तदनुसार नयी शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक स्तर पर शैक्षिक सत्र–2021-22 से तथा स्नातकोतर स्तर पर सत्र– 2022-23 से सेमेस्टर प्रणाली लागू होगी। त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में प्रत्येक वर्ष 2 सेमेस्टर की परीक्षा सम्पन्न होगी।

पाठ्यक्रम का स्वरूप– पाठ्यक्रम का स्वरूप एक वर्ष का सर्टिफिकेट, दो वर्ष का डिप्लोमा, तीन वर्ष की स्नातक डिग्री तथा चार वर्ष की स्नातक (शोध सहित) डिग्री इत्यादि होगा।

उच्च शिक्षा कार्यक्रम का प्रथम सोपान– स्नातक पाठ्यक्रम 2+1+1 पद्धति पर आधारित होगा जहाँ 2. मुख्य विषय +1- वैकल्पिक मुख्य विषय +1- वैकल्पिक माइनर एलेक्टिव पेपर +1- अनिवार्य सह-विषय/शैक्षणिक पाठ्यक्रम +1- अनिवार्य कौशल विकास/रोजगारपरक पाठ्यक्रम होंगे।

पात्रता–

स्नातक स्तर पर **कला/भाषा संकाय** के अंतर्गत प्रवेश हेतु छात्र इंटरमीडिएट कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि अथवा व्यावसायिक वर्ग के विषयों के साथ उत्तीर्ण हो।

वाणिज्य संकाय के अंतर्गत प्रवेश हेतु छात्र इंटरमीडिएट वाणिज्य, कला, (गणित अथवा अर्थशास्त्र सहित), या विज्ञान (गणित सहित) वर्ग से साथ उत्तीर्ण हो।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन वे ही विद्यार्थी कर सकेंगे, जिन्होंने योग्यता प्रदायी परीक्षा 2020 या उसके बाद उत्तीर्ण किया है।

उपरोक्त संकायों में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट **www.sspgc.ac.in** पर ऑनलाइन **रजिस्ट्रेशन फॉर्म** जमा करेंगे। तत्पश्चात् आवश्यकतानुसार प्रवेश-परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेंगे।

प्रवेश मेरिट या आवश्यकतानुसार प्रवेश-परीक्षा के आधार पर होगा।

विषयों/प्रश्नपत्रों का चयन

1. मुख्य विषय (Major Subjects) का चयन–

स्नातक पाठ्यक्रम (भाषा, कला तथा वाणिज्य) प्रथम वर्ष– प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के लिए इच्छुक विद्यार्थी सर्वप्रथम उपरोक्त अंकित 1, 2 या 3 (संकाय/विषय-सूची) में से अपने संकाय का चुनाव करेगा जिसे **अपना संकाय (Own Faculty)** कहा जाएगा। इस **अपना संकाय** से विद्यार्थी कम से कम **2 मुख्य विषय (First & Second Major Subjects)**

का अनिवार्यतः चयन करेंगे। विद्यार्थी को **1 तृतीय मुख्य विषय (Third Major Subject)** का भी चयन करना होगा जो पूर्व चयनित **अपना संकाय (Own Faculty)** या किसी **अन्य संकाय (Other Faculty)** से भी हो सकता है।

इस प्रकार विद्यार्थी को **3 मुख्य विषयों (Major Subjects)** का चयन करना है जिसमें 2 मुख्य विषयों का चयन अपना संकाय से तथा तीसरे मुख्य विषय का चयन अपना संकाय अथवा अन्य संकाय से हो सकता है।

2. माइनर/एलेक्टिव विषय (Minor Elective Subject) का चयन–

तीन मुख्य विषयों के अतिरिक्त विद्यार्थी को प्रथम 4 सेमेस्टर (स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) के लिए **एक माइनर एलेक्टिव पेपर (Minor Elective Paper)** का चयन करना होगा जिसका चुनाव उसे **अपने संकाय (Own Faculty)** अथवा **अन्य संकाय (Other Faculty)** से करना है। (यदि विद्यार्थी ने तीनों मुख्य विषय का चुनाव **अपने संकाय** से किया है तो उसे **माइनर एलेक्टिव पेपर अन्य संकाय** से चुनना होगा।)

यदि वह स्नातक प्रथम सेमेस्टर में किसी विषय को माइनर के रूप में चयनित करता है, तो उसकी परीक्षा उसे प्रथम सेमेस्टर में ही देनी होगी, पर यदि वह प्रथम के स्थान पर द्वितीय सेमेस्टर में माइनर विषय चयनित करता है तो उसे उसकी परीक्षा द्वितीय सेमेस्टर में देनी होगी। यही व्यवस्था द्वितीय वर्ष के लिए भी जारी रहेगी।

विद्यार्थी यदि प्रथम सेमेस्टर में चयनित माइनर पेपर की परीक्षा छोड़ देता है अथवा उसमें फेल हो जाने के बाद किसी दूसरे विषय को माइनर के रूप में लेना चाहता है, तो वह द्वितीय सेमेस्टर में ऐसा कर सकता है।

(स्नातक स्तर के विद्यार्थी को माइनर एलेक्टिव विषय का अध्ययन केवल प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में ही करना है– एक माइनर पेपर प्रति वर्ष-तृतीय वर्ष में नहीं. वह अपनी सुविधा से सम अथवा विषम सेमेस्टर में माइनर एलेक्टिव पेपर का चुनाव कर सकता है।)

3. सह-विषय/शैक्षणिक पाठ्यक्रम (Co-curricular Course)-

स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को तीन वर्षों (6 सेमेस्टरों) के प्रत्येक सेमेस्टर में एक अनिवार्य **सह-विषय/शैक्षणिक पाठ्यक्रम** का अध्ययन करना अनिवार्य होगा। इस प्रश्न-पत्र की परीक्षा बहुविकल्पीय (MCQ) आधार पर होगी तथा इसे उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम 40% अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। विद्यार्थी की ग्रेड-शीट इसके प्राप्तांक के आधार पर ग्रेड तो अंकित होंगे परंतु इन अंकों को CGPA की गणना में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

सह-विषय/शैक्षणिक पाठ्यक्रमों की सूची :

वर्ष	सेमेस्टर	पाठ्यक्रम
प्रथम वर्ष	सेमेस्टर-1	भोजन, पोषण और स्वच्छता (Food, Nutrition and Hygiene)
	सेमेस्टर-2	प्राथमिक चिकित्सा और स्वास्थ्य (First Aid and Health)

द्वितीय वर्ष	**सेमेस्टर-3**	शारीरिक शिक्षा और योग (Physical Education and Yoga)
	सेमेस्टर-4	मानव मूल्य और पर्यावरण अध्ययन (Human Values and Environmental Studies)
तृतीय वर्ष	**सेमेस्टर-5**	विश्लेषणात्मक क्षमता और डिजिटल जागरूकता (Analytical Ability and Digital Awareness)
	सेमेस्टर-6	संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास (Communication Skill and Personality skill)

(संदर्भ- उ.प्र. उच्च शिक्षा अनुभाग शासनादेश, दिनांक- 13.07.2021, बिन्दु 7.1)

4. कौशल विकास/रोजगारपरक पाठ्यक्रम (Vocational / Skill Development Course)

स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रत्येक विद्यार्थी को पहले दो वर्षों- प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के 4 सेमेस्टरों में निर्धारित कौशल विकास/रोजगारपरक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। कौशल विकास पाठ्यक्रम 3 क्रेडिट के होंगे तथा प्रत्येक छात्र को प्रथम 2 वर्षों (4 सेमेस्टरों) में 3×4=12 क्रेडिट के 4 पाठ्यक्रम का अध्ययन एवं परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। इन पाठ्यक्रमों के लिए theory एवं skill training का अनुपात 40:60 होगा।

छात्रों को निर्गत सर्टिफिकेट अथवा डिप्लोमा पर उनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कौशल विकास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा।

महाविद्यालय में कौशल विकास/रोजगारपरक पाठ्यक्रमों (Vocational Courses) की सूची :

वर्ष	सेमेस्टर	पाठ्यक्रम
प्रथम वर्ष	**सेमेस्टर-1**	1- योगा (Yoga) 2- बागवानी (Gardening)
	सेमेस्टर-2	1. आपदा प्रबंधन (Disaster Management) 2. शारीरिक स्वास्थ्य और जिम ट्रेनर (Physical Fitness & Gym Trainer)
द्वितीय वर्ष	**सेमेस्टर-3**	बेसिक्स ऑफ कम्प्यूटर एप्लिकेशन (Basics of Computer Application)
	सेमेस्टर-4	बेसिक्स ऑफ एमएस ऑफिस (Basics of MSOffice)

(संदर्भ- उ.प्र. उच्च शिक्षा अनुभाग शासनादेश, दिनांक- 20.04.2021 बिन्दु- 5 तथा शासनादेश दिनांक- 13.07.2021, बिन्दु- 6.1)

निकास (Exit)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)–2020 के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रम (Programme) का स्वरूप इस प्रकार का होगा कि विद्यार्थी को स्नातक स्तर पर एक वर्ष पूर्ण करने पर सर्टिफिकेट तथा दो वर्ष पूर्ण करने पर डिप्लोमा के साथ निकास की सुविधा उपलब्ध होगी। उसे सफलतापूर्वक तीन वर्ष पूर्ण करने पर ही स्नातक की उपाधि (डिग्री) प्राप्त होगी।

परिशिष्ट

स्नातक प्रथम वर्ष– बी.ए./बी.कॉम.- सेमेस्टर-1 में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र में विषयों/प्रश्नपत्रों के चयन का प्रारूप-

प्रवेश हेतु चयनित विषय/प्रश्न-पत्र–

(प्रवेश के पश्चात विषय परिवर्तन नहीं होगा)

मुख्य विषय (Major Subjects/Papers)	1- 2- 3-
माइनर एलेक्टिव विषय/प्रश्नपत्र (Minor Elective सब्जेक्ट/Paper)	4-
सह-विषय/शैक्षणिक पाठ्यक्रम Co-curricular Course/Paper	5-
कौशल विकास/रोजगारपरक पाठ्यक्रम (Vocational/Skill Development Course/Paper)	6-

नोट–

1. प्रत्येक विद्यार्थी को प्रवेश के समय **एक संकाय– (भाषा, कला, वाणिज्य आदि)** का चुनाव करना होगा, जो उनका **अपना संकाय (Own Faculty)** होगा। विद्यार्थी को इस संकाय से **2 मुख्य विषयों** का चुनाव करना होगा। तीसरे **मुख्य विषय (Major Subject)** का चुनाव विद्यार्थी किसी संकाय– **अपना संकाय (Own Faculty)** अथवा **अन्य संकाय (Other Faculty)** से कर सकेगा।
2. विद्यार्थी को **तीसरे मुख्य विषय (Major Subject)** तथा **माइनर एलेक्टिव विषय/पेपर (Minor Elective Paper)** का चयन इस प्रकार करना है कि इनमें से एक अनिवार्यतः अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय से हो। यथा, यदि विद्यार्थी ने तीसरे मुख्य विषय का चुनाव **अपने संकाय** से ही किया है तो उसे माइनर एलेक्टिव विषय का चयन **अन्य संकाय** से करना होगा (उदाहरण के लिए– यदि विद्यार्थी के **तीनों मुख्य विषय** कला संकाय से हैं तो उसे माइनर एलेक्टिव विषय का चयन **अन्य संकाय- भाषा या वाणिज्य** से करना होगा।)
3. स्नातक स्तर के छात्र को माइनर एलेक्टिव विषय/प्रश्न-पत्र का अध्ययन केवल प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में ही करना है (एक माइनर पेपर प्रति वर्ष)।

4. स्नातक स्तर पर प्रत्येक सेमेस्टर में (सभी 6 सेमेस्टर में) एक **सह-शैक्षणिक पाठ्यक्रम (Co curricular Course)** के निर्धारित प्रश्न-पत्र का अध्ययन करना अनिवार्य है।
5. स्नातक स्तर के प्रथम दो वर्षों (चार सेमेस्टर) में **कौशल विकास पाठ्यक्रम (Vocational/Skill Development Course)** के कुल 4 निर्धारित प्रश्नपत्रों का अध्ययन करना अनिवार्य हैं।

(विस्तृत संदर्भ के लिए विवरणिका देखें)

अधिभार–

स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु–

1. स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित- पुत्र, पुत्री या पुत्र-पुत्री की अविवाहित संतान (जिलाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र संलग्न करें)	02 अंक
2. दिव्याङ्ग- 50 प्रतिशत या अधिक (मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र संलग्न करें)	02 अंक
3. एनसीसी B सर्टिफिकेट	03 अंक
C सर्टिफिकेट	05 अंक
4. राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता	05 अंक

स्नातकोतर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु–

1. महाविद्यालय से योग्यता-प्रदायी परीक्षा उत्तीर्ण	05 अंक
2. स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित- पुत्र, पुत्री या पुत्र-पुत्री की अविवाहित संतान (जिलाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र संलग्न करें)	02 अंक
3. दिव्याङ्ग– 50 प्रतिशत या अधिक (मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र संलग्न करें)	02 अंक
4. एनसीसी B सर्टिफिकेट	03 अंक
C सर्टिफिकेट	05 अंक
5. एनएसएस (विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र संलग्न करें)	
एक विशेष शिविर पूर्ण करने पर	02 अंक
दो विशेष शिविर पूर्ण करने पर	03 अंक
6. विश्वविद्यालय/राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सहभागिता (प्रमाण-पत्र संलग्न करें)	
अंतर-महाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता–	02 अंक
राज्यस्तरीय प्रतियोगिता–	05 अंक

नोट– अधिभार का लाभ प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पत्र में इसका उल्लेख करना अनिवार्य है। किसी भी दशा में अधिकतम अधिभार अंक 10 से अधिक नहीं होगा।

प्रवेश हेतु आवेदनपत्र के साथ संलग्न करें–

(स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के लिए)

1. पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटोग्राफ आवेदन-पत्र पर चस्पा करें।
2. हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट के अंकपत्र की स्व-हस्ताक्षरित छायाप्रतियाँ
3. चरित्र तथा स्थानांतरण प्रमाणपत्र
4. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत जाति प्रमाणपत्र तथा आय प्रमाणपत्र की स्व-हस्ताक्षरित छायाप्रतियाँ संलग्न करें।
5. आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (EWS) के अभ्यर्थी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाणपत्र तथा आय प्रमाणपत्र की स्व-हस्ताक्षरित छायाप्रतियाँ संलग्न करें।
6. अधिभार (वेटेज) के लिए उपयुक्त प्रमाणपत्र की स्व-हस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करें।
7. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म (print-out)।

काउंसिलिंग के समय निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रवेशार्थी उक्त समस्त प्रपत्रों/प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियों के साथ प्रवेश-समिति के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। प्रवेश के संबंध में प्रवेश-समिति की संस्तुति पर प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।

स्नातकोत्तर स्तर (PG Level)
(सत्र- 2022-23 से)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)– 2020 से संबन्धित उ.प्र. उच्च शिक्षा परिषद द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार शैक्षिक सत्र– 2022-23 से स्नातकोत्तर स्तर के लिए च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) एवं ग्रेडिंग प्रणाली पर आधारित सेमेस्टर सिस्टम आरंभ किया गया है। प्रत्येक शैक्षिक सत्र में 2 सेमेस्टर की परीक्षा सम्पन्न होगी।

विषय–

1. हिंदी (60)
2. राजनीतिशास्त्र (60)
3. भूगोल (30)
4. मनोविज्ञान (30)
5. रक्षा तथा स्वातंत्रिक अध्ययन (सैन्य विज्ञान) (30)
6. एक.कॉम (60)

पात्रता–

- विद्यार्थी को **अपने संकाय (Own Faculty)** का चुनाव करना है, जैसे- भाषा, कला या वाणिज्य।
- **स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम– भाषा/कला संकाय** में प्रवेश हेतु स्नातक तृतीय वर्ष में पठित मुख्य विषयों में से किसी एक का चुनाव किया जा सकता है।
- **स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम– वाणिज्य संकाय/एम.कॉम.** में प्रवेश की अर्हता स्नातक (वाणिज्य)/बी.कॉम. उत्तीर्ण है।
- योग्यता प्रदायी परीक्षा (स्नातक) उत्तीर्ण छात्र ही आवेदन करें।
- प्रवेश मेरिट या आवश्यकतानुसार प्रवेश-परीक्षा के आधार पर होगा।
- उपरोक्त स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.sspgc.ac.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करेंगे। तत्पश्चात् आवश्यकतानुसार प्रवेश-परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेंगे।

आवश्यक सूचना–

परीक्षा फार्म समय से जमा न करने, अपूर्ण जमा करने तथा विश्वविद्यालय द्वारा अस्वीकृत होने की दशा में भी प्रवेश **शुल्क महाविद्यालय द्वारा वापस नहीं किया जायेगा।** क्योंकि इस त्रुटि का उत्तरदायित्व छात्र का है तथा शुल्क विश्वविद्यालय को भेजा जा चुका होता है।

किसी भी कक्षा में प्रवेश के लिए कोई छात्र अधिकार के रूप में **किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकता।**

यदि किसी विद्यार्थी ने किसी कक्षा में प्रथम वर्ष की परीक्षा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण की है तो उसका प्रवेश अगली कक्षा में संस्थागत विद्यार्थी के रूप में नहीं हो सकता।

प्रवेशार्थियों को प्रवेश के समय पूरे सत्र का शुल्क देना होगा।

विश्वविद्यालय या शासन द्वारा शुल्कों में परिवर्तन बिना पूर्व सूचना दिये ही किया जा सकता है। आदेश होने पर बढ़ा हुआ शुल्क जमा करना होगा।

यदि ऐसे प्रमाण मिल जायें कि छात्र/छात्रा ने किसी ऐसे असत्य या अपने अनुशासनहीन और अनुत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार या अनैतिक आचरण की ऐसी शिकायतें जिनसे उनका प्रवेश नहीं किया जा सकता था, छिपाया है तो **उसका प्रवेश कभी भी निरस्त किया जा सकता है।**

गत वर्ष या वर्षों में जो छात्र किन्हीं कारणों से महाविद्यालय में पूरे सत्र शिक्षारत नहीं रहे या अलग रहे तथा विश्वविद्यालय परीक्षा नहीं दिये उन्हें पुनः प्रवेश नहीं दिया जायेगा। समुचित कारण प्रस्तुत करने पर प्रवेश समिति अपवाद स्वरूप प्राचार्य की स्वीकृति से उनके प्रवेश पर विचार कर सकती है।

सत्र के मध्य में महाविद्यालय छोड़ने वाले छात्र या छात्रा प्राचार्य को लिखित सूचना देंगे अन्यथा स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र लेते समय छात्र/छात्रा को पूरे सत्र का बकाया शुल्क देना होगा।

प्रत्येक छात्र/छात्रा को विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के निर्देश पर महाविद्यालय व्यवस्था के अनुसार भरना अनिवार्य होगा। तभी वे परीक्षा दे पायेंगे।

एक विषय में स्नातकोत्तर कक्षा उत्तीर्ण प्रवेशार्थी को दूसरे विषय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

प्रत्येक कक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें कम उपस्थिति की दशा में विद्यार्थी विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

उपस्थिति की यह सीमा विश्वविद्यालय के आदेशानुसार कम या ज्यादा हो सकेगी।

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

अध्ययन/परीक्षा केन्द्र : स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर

परम्परागत शिक्षा प्रणाली से इतर उच्च शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए हमारे यहाँ दूरवर्ती शिक्षा योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन/परीक्षा केन्द्र संचालित है। महाविद्यालय में सीटों की संख्या सीमित होने के कारण छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु पारम्परिक पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त अनेक रोजगारपरक/व्यवसायिक पाठ्यक्रम इस अध्ययन केन्द्र पर उपलब्ध हैं, जिसमें शिक्षार्थियों को गुणवत्तापरक, समयानुकूल एवं राष्ट्र की आकांक्षाओं के अनुरूप शिक्षा प्रदान की जा रही है।

मुक्त विश्वविद्यालय की विशेषताएँ–

1. शिक्षा व्यवस्था एवं सम्पूर्ण पठन-पाठन शिक्षार्थी केन्द्रित है।
2. प्रवेश के उपरान्त पाठ्य-सामग्री विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जाती है।
3. प्रवेश के लिये सामान्यतः आयु सीमा नहीं है।
4. किसी भी कार्यक्रम के अन्तर्गत पाठ्यक्रम के चयन में शिक्षार्थी के लिये अनेक विकल्प उपलब्ध हैं, अर्थात् कार्यक्रम के चयन में लचीलापन अन्तर्निहित है।
5. प्रत्येक शिक्षार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अध्ययन/सम्पर्क/कार्यक्रम केन्द्र पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों में से पाठ्यक्रम चयन की सुविधा उपलब्ध है।
6. मुक्त विश्वविद्यालय के किसी कार्यक्रम के प्रवेशार्थी अन्य किसी विश्वविद्यालय में नियमित छात्र रह सकते हैं, परन्तु छात्र को अन्य संस्था में अध्ययनरत रहने की सम्पूर्ण सूचना विश्वविद्यालय को देना अनिवार्य है।
7. नौकरी पेशा वाले व्यक्ति अपने संस्था में सेवारत रहते हुए भी पठन-पाठन कर सकते हैं। परन्तु उन्हें उस संस्था में सेवारत रहने की सम्पूर्ण सूचना विश्वविद्यालय को देना अनिवार्य है।
8. इस व्यवस्था में निर्धारित पाठ्य-क्रम को एक न्यूनतम अवधि से लेकर अधिकतम अवधि के बीच में पूरा करने का प्रावधान है।
9. शिक्षार्थी को एक शैक्षिक सत्र में स्नातक कोर्स के साथ एक डिप्लोमा कोर्स अथवा एक सर्टिफिकेट कोर्स और इसी प्रकार का एक डिप्लोमा कोर्स के साथ एक सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश लेने की सुविधा उपलब्ध है।
10. प्रवेश दो सत्रों (जुलाई/जनवरी) में होता है। जो www.uprtou.ac.in पर आनलाइन करना होता है।
11. समन्वयक एवं सहयोगी शिक्षक बन्धुओं के सक्रिय सहयोग से विभिन्न पाठ्यक्रम में सहायता प्रदान करने हेतु काउन्सलर शिक्षार्थियों को सहयोगी एवं मित्र के रूप में सहायता प्रदान करते हैं।

मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम

स्नातक कला (B.A.), स्नातक वाणिज्य (B.Com.), बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA), बैचलर ऑफ बिजनेस एडमीनिस्ट्रेशन (BBA), मास्टर ऑफ बिजनेस एडमीनिस्ट्रेशन (M.B.A.) स्नातकोत्तर कला (M.A.), गृहविज्ञान, भूगोल, योग, उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, मध्यकालीन इतिहास एवं आधुनिक इतिहास, राजनीति-शास्त्र, शिक्षाशास्त्र, स्नातकोत्तर वाणिज्य (M.Com.), पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक तथा परास्नातक (BLIS) एवं (MLIS), पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और परास्नातक (PGDJMC एवं MJMC), डिप्लोमा-हिन्दी रचनात्मक लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (P.G-DDCWH), स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण में डिप्लोमा (DHEN), ग्रामीण विकास में डिप्लोमा (DRD), वित्तीय प्रबंधन, विपणन प्रबन्धन, उत्पादन प्रबन्धन, मानव संसाधन विकास और कम्प्यूटर (PGDFN, PGEMM, PGEPM, PGDCA)

सर्टिफिकेट कार्यक्रम-जनसंख्या एवं स्वास्थ्य शिक्षा में प्रमाण-पत्र (CPHE), शिशु पालन एवं पोषण में प्रमाण पत्र (CCCN), मानवाधिकार में प्रमाण-पत्र (CHR) पर्यावरण

अध्ययन में प्रमाण-पत्र (CES), आपदा प्रबन्धन में प्रमाण पत्र (CDM), एच.आई.वी. एवं परिवार शिक्षा में प्रमाण-पत्र (CHFE), महिला सशक्तिकरण एवं विकास में प्रमाण पत्र (CWED), योग, कम्प्यूटर, औषधीय एवं सुगन्धीय पौधों की खेती (CCY, CCC, CCMAP)

अध्ययन केन्द्र के सम्पर्क सूत्र– (1) डॉ. नर नारायण राय (समन्वयक) मोबाइल : 9415890058 Email : nnrai11@gmail.com
(2) राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय (कार्यालय) मो. : 9335119535

कम्प्यूटर प्रशिक्षण

महाविद्यालय में कम्प्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था है जिसके अन्तर्गत निम्न कोर्स चलाये जाते हैं–

(1) PGDCA (2) पी.जी. डिप्लोमा (3) डी.टी.पी. (4) एकाउन्टिंग (5) 'ओ' लेवल।

विस्तृत जानकारी के लिए श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह (मो.-09838559944) से सम्पर्क करें।

Computer Division

Contact No : 0548-2223108, 9838042774, 9838559944, 939881887

Available Courses

Sl.No.	Course	Detail	Qualification	Duration
1.	PGDCA	Eq. to B.Ed. PGT, Computer Science	Graduation	12 Months
2.	O Level	Required for all, "B" Grade Govt. Job	Intermediate	12 Months
3.	CCC	Essential for all, "C" Grade Govt. Job	High School	3 Months

And many other Job Oriented Courses with Placement Assistance.

Faculty Details

Sl. No.	Name	Exp.	Qualification	Contact No.
1.	Rohit Verma	20 Years	PGDCA	9838042774
2.	Dharmendra Kumar Singh	12 Years	MCA, "B" Level, "A" Level	9838559944
3.	Md. Jilani	5 Years	MCA, PGDCA	9838012669
4.	Shailendra Kumar Singh	4 Years	PGDCA	9793660835
5.	Shrvan Yadav	3 Years	PGDCA, MCA	8808919279

सुविधाएँ

छात्रावास-

महाविद्यालय प्रांगण में सुसज्जित **डॉ. के. डी. राय छात्रावास** है, जिसमें 40 छात्रों के आवास की सुविधा उपलब्ध है। छात्रावास में रैगिंग पर पूर्ण प्रतिबन्ध है। इसकी जाँच के लिए लीगल सेल गठित की गयी है। शिकायत मिलने पर छात्रावास एवं संस्था से निष्कासन के अतिरिक्त पुलिस में शिकायत दर्ज करायी जायेगी। छात्रवास में स्थान सीमित है इसलिए सुदूर अंचल से आने वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।

छात्रावास शुल्क (प्रति छात्र)-

(क) प्रतिभूति धन रुपये 1000/- (ख) कक्ष शुल्क रुपये 2500/- *(बिजली व्यय मीटर के अनुसार देय होगा)*

छात्रावास छोड़ने के पश्चात् प्रतिभूति धन की वापसी हेतु एक वर्ष के भीतर आवेदन करें, उसके पश्चात् छात्रावास मद में व्यय हो जायेगा।

छात्रावास में प्रवेश लेने पर निर्धारित किराया (न्यूनतम दस माह) देना होगा। बीच में छोड़ने पर पैसा वापस नहीं होगा।

छात्रावास में प्रवेश हेतु कार्यालय से प्राप्त आवेदन-पत्र भरकर छात्रावास अधीक्षक के पास जमा करें। छात्रावास नियमावली आवेदन-पत्र पर अंकित है। विद्यार्थी को मात्र एक चौकी, एक कुर्सी और एक मेज मिलेगा। अनुशासन-विरुद्ध आचरण करने पर उन्हें छात्रावास तक महाविद्यालय के निष्कासित कर दिया जायेगा।

